बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17 तक0को0–312/2018 पार्ट–II 2507

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
बांका, जमुई, मुंगेर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक : 24-08-2021

विषय :– द्वितीय चरण के लिए चयनित अंचलों में जिला स्तरीय उद्घोषणा के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–1678 दिनांक–15.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि आपके द्वारा द्वितीय चरण में शिविरों का गठन कर कार्य प्रारंभ किया गया है एवं कर्मियों को टैगिंग भी की गई है। वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण के प्रगति प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि आपके जिले अंतर्गत प्रथम चरण के लगभग सभी गॉवों में किश्तवार एवं खानापुरी के पूर्व की जाने वाली सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कुछ जिलों में द्वितीय चरण के अंचलों में भी सर्वेक्षण पूर्व कुछ कार्य पूर्ण कर लिए गए है। उक्त परिस्थिति एवं अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण के लिए चयनित सभी बीस जिलों के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाना है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि निम्न प्रपत्र में प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए जिले के सभी अंचलों के ग्रामों के लिए जिला स्तरीय उद्घोषणा कर ली जाए एवं प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में शिविरों का गठन करते हुए कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीनों को R2R सॉफ्टवेयर के माध्यम से ग्राम के साथ सम्बद्ध कर दिया जाए :–

जिला का नाम	कुल अंचलों का सं0	कुल ग्रामों की सं0	प्रथम चरण में लिए गए अंचलों की सं0	प्रथम चरण में गठित शिविरों की सं0	प्रथम चरण में कुल ग्रामों की सं0	द्वितीय चरण में अबतक चयनित अंचलों की सं0	द्वितीय चरण में चयनित अंचलों में ग्रामों की सं0	द्वितीय चरण में गठित शिविरों की सं0	शेष अंचलों की सं0	शेष अंचलों के अंतर्गत ग्रामों की सं0
1.	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 24/8/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
कृ0पृ0उ0

D:\Drive - D\Year Anui-2021\Birendra Sir\Director\24-08-2021.doc

ज्ञापांक :– 17 तक0को0–312/2018 पार्ट–II ....2507.... **पटना, दिनांकः**–24-08-2021

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित जिलों के अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त/सभी संबंधित सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 तक0को0–312/2018 पार्ट–II ....2507.... **पटना, दिनांकः**– 24-08-2021

प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 तक0को0–312/2018 पार्ट–II ....2507.... **पटना, दिनांकः**–24-08-2021

प्रतिलिपि :–श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 तक0को0–312/2018 पार्ट–II ....2507.... **पटना, दिनांकः**– 24-08-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
24/8/21